राजकीय सह-शिक्षा, सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, राष्ट्रपति भवन, दिल्ली के कार्यकलाप

1159. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राजकीय सह-शिक्षा, सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राष्ट्रपति भवन, में गत तीन वर्षों के दौरान प्रति वर्ष छठी कक्षा से ग्यारहवीं कक्षा तक के कितने छात्रों का कम्पार्टमेंट आया और इनमें से कितने छात्र पुनः ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए ;

(ख) क्या यह सच है कि शिक्षकों की हड़तालों के बाद ली गई परीक्षाओं में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक छात्रों को फेल किया गया या कम्पार्टमेंट सूची में रखा गया है ; यदि हां, तो क्या सरकार इस मामले की जांच कराने का विचार रखती है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इस विद्यालय में प्रत्येक छात्र से वर्ष में दो बार छात्र-अभिभावक संघ का पांच-पांच रुपए शुल्क लिया जाता है लेकिन प्रत्येक छात्र के अभिभावकों को अभिभावक संघ के समारोहों में आमंत्रित नहीं किया जाता जिसके परिणामस्वरूप हजारों रुपए का गोलमाल होता है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) विवरण संलग्न है (नीचे देखिये)

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रत्येक छात्र से वर्ष में दो बार अभिभावक शिक्षक संघ कोष के लिए 5/- रुपये लिये जाते हैं। इस प्रकार से एकत्र की गई राशि विभिन्न शैक्षिक क्रियाकलापों पर छात्रों के सर्वोत्तम हित के लिए प्रयोग की जाती है। तथापि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने पर प्रिंसिपल को बधाई देने के एक छोटे से समारोह के अतिरिक्त पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई समारोह नहीं हुआ था।

विवरण

वर्ष	VI से IX, XI में बैठे छात्रों की संख्या	अनुपूरक परीक्षा में आए छात्रों की संख्या	अनुपूरक परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या
1	2	3	4	5
1985	823	95	77	08
1986	884	66	55	01
1987	867	52	48	02

Installation of telephones in Andhra Pradesh

1160. SHRI PRABHAKAR RAO KALVALA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the number of telephones installed in Andhra Pradesh till June, 1987;

(b) what is the number of persons in the waiting list for telephone connections till June, 1987 in Andhra Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE COMMUNICATIONS (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) The total number of telephones installed in Andhra Pradesh till 30th June 1987 is 2,39,121.